गढ़वाल और कुमाऊँ के छह इंजीनियरिंग कॉलेज बनेंगे तकनीकी विश्वविद्यालय के कैंपस

चर्चा में क्यों?

19 अप्रैल, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत गढ़वाल और कुमाऊँ मंडल के छह इंजीनियरिंग कालेज एवं संस्थानों को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून के अधीन कैंपस कालेज के रूप में संचालित किये जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

प्रमुख बिंदु

- कैबिनेट में आए प्रस्ताव के अनुसार तकनीकी संस्थान गोपेश्वर, महिला तकनीकी संस्थान देहरादून, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी संस्थान टनकपुर, नन्हीं परी सीमांत तकनीकी संस्थान पिथौरागढ़, टीएचडीसी, आईएचईटी नई टिहरी और बौन इंजीनियरिंग कालेज उत्तरकाशी को जैसे हैं, जहाँ हैं के आधार पर कुछ शर्तों के तहत तकनीकी विश्वविद्यालय का कैंपस कॉलेज बनाया जाएगा।
- कैबिनेट बैठक में कहा गया कि कैंपस बनने से सभी स्ववित्त पोषित संस्थानों को राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। सभी स्ववित्त पोषित संस्थानों में बीओजी पहले की तरह काम करती रहेगी।
- विदित है कि वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की स्थापना 27 जनवरी, 2005 को उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम 2005 के माध्यम से उत्तराखंड सरकार द्वारा की गई थी। यह तकनीकी संस्थानों के लिये राज्य का एकमात्र संबद्ध विश्वविद्यालय है।

उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6-engineering-colleges-of-garhwal-and-kumaon-to-be-technical-university-campus